# कार्यालय निदेशक, माध्यमिक शिक्षा, राजस्थान, बीकानेर

## कार्यालय–आदेश

राजस्थान शिक्षा सेवा नियम–1970 के नियम 24(2)(ए) के प्रावधानान्तर्गत गठित विभागीय पदोन्नति समिति की बैठक दिनांक 31.08.07 द्वारा की गई अभिशंषानुसार श्री सज्जन लाल मनात, जन्म तिथि–09–04–1949, वर्ग–अजजा, वरिष्ठता क्रमांक 590 वर्ष 1993–94 के प्रधानाचार्य उमावि एवं समकक्ष पद (ग्रुप–डी–II) की वर्ष 2001–02 में शिड्यूल–I की रिक्ति के प्रति चयन संबंधी निर्णय को राजस्थान असैनिक सेवाएं (वर्गीकरण, नियंत्रण एवं अपील) नियम–1958 के सीसीए–17 (ज्ञापन दिनांक 28–04–2004) के अन्तर्गत अनुशासनात्मक कार्यवाही विचाराधीन होने के कारण बन्द लिफाफे में रखा गया था।

शासन के पत्रांक प–05 (48) शिक्षा–2/2021 दिनांक 17.12.2021 के द्वारा कार्मिक विभाग की आई.डी. संख्या 1400/कार्मिक/क–2/21 दिनांक 26.11.2021 के द्वारा प्रदत्त राय के आधार पर रिक्ति वर्ष 2001–02 के पश्चात जारी आरोप पत्र दिनांक 28.04.2004 के आधार पर चयन संबंधी निर्णय को सील्ड कवर रखे जाने को अनुचित मानते हुए संबंधित चयन वर्ष में पदोन्नति की कार्यवाही करने के निर्देश प्रदान किये गये हैं।

अतः श्री सज्जन लाल मनात, जन्म तिथि–09–04–1949, वर्ग–अजजा, वरिष्ठता क्रमांक 590 वर्ष 1993–94 को प्रधानाचार्य उमावि एवं समकक्ष पद (ग्रुप–डी–II) की वर्ष 2001–02 में शिड्यूल–I की रिक्ति के प्रति चयनित किया जाता है। श्री मनात का नाम वर्ष 2001–02 की मुख्य सूची में श्री नानू लाल ताबियार, जन्म तिथि 15.03.49, वर्ग–अजजा, वरिष्ठता 589 वर्ष 1993–94 एवं श्री कन्हैया लाल कलाउवा, जन्म तिथि 10.09.49, वर्ग–अजजा, वरिष्ठता 591 वर्ष 1993–94 के मध्य प्रतिस्थापित किया जायेगा।

Rajasthan Education Department
सत्यमेव जयते

(काना राम)
आई.ए.एस.
निदेशक
माध्यमिक शिक्षा, राजस्थान
बीकानेर

क्रमांक : शिविरा–माध्य/संस्था/बी–III/प्रधानाचार्य/डीपीसी/2001–02/2021 दिनांक : 05/04/2022

प्रतिलिपि : निम्नांकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है :–

1. सचिव राजस्थान लोक सेवा आयोग, अजमेर
2. शासन उप सचिव (क–2) विभाग, राजस्थान, जयपुर
3. शासन उप सचिव शिक्षा (ग्रुप–2) विभाग राजस्थान, जयपुर
4. सिस्टम एनालिस्ट कम्प्यूटर अनुभाग कार्यालय हाजा को प्रेषित कर लेख है कि उक्त आदेश को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करें।
5. संयुक्त निदेशक, स्कूल शिक्षा, **उदयपुर**।
6. जिला शिक्षा अधिकारी मुख्यालय, माध्यमिक शिक्षा, **डूंगरपुर**।
7. अनुभाग अधिकारी वरिष्ठता/विजॉच/एसीआर अनुभाग कार्यालय हाजा।
8. संबंधित कार्मिक श्री **सज्जन लाल मनात, राउमावि नादिया, घाटोद डूंगरपुर**
9. अनुभाग अधिकारी, संस्थापन–एबी अनुभाग कार्यालय हाजा को आवश्यक कार्यवाही हेतु।
10. रक्षित पत्रावली: बी–3/डीपीसी/प्रधानाचार्य/**2001–02**

उप निदेशक (डीपीसी)
माध्यमिक शिक्षा राजस्थान,
बीकानेर